# कपड़ा उद्योग के लिए सबसे अनुकूल उत्तर प्रदेश : शशांक

अमर उजाला ब्यूरो



## यूपी ने मुंबई में निवेशकों को टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश के लिए किया आकर्षित

लखनऊ। यूपी को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और वैश्विक निवेश गंतव्य बनाने के लिए इन्वेस्ट यूपी और उप्र. हैंडलूम व वस्त्र निदेशालय मुंबई में आयोजित गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया ट्रेड शो में हिस्सा ले रहे हैं। 24 मई तक चलने वाले ट्रेड शो के पहले दिन बृहस्पतिवार को इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए यूपी सबसे अनुकूल है। राज्य में कुशल मानव संसाधन, मजबूत बुनियादी ढांचे और इनोवेशन व रोजगार-प्रेरित वस्त्र नीति है। बनारसी बुनाई से लेकर लखनऊ की चिकनकारी तक को पारंपरिक धरोहर को आधुनिकता से जोड़ते हुए लखनऊ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हो रही है। उन्होंने निवेशकों से यूपी की विकास यात्रा में भागीदार बनने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार के वस्त्र मंत्री संजय सवकारे सहित कई प्रमुख उद्योगपति भी शामिल हुए। इस दौरान संयुक्त आयुक्त केपी वर्मा और इन्वेस्ट यूपी के महाप्रबंधक अनुरुद्ध क्षत्रिय ने यूपी वस्त्र एवं परिधान नीति की विशेषताएं बताईं।